**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने इंडिगो को किरायों का लंबित भुगतान, यात्रियों को बिना किसी देरी के जारी करने के निर्देश दिये।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– समेकित विकास की परिकल्पना के अनुरूप सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाने और सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में प्रदेश की देवडोलियों के स्नान के लिए भव्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने पर जोर दिया।
- विशाखपट्टणम में–भारत – दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच जारी।

**इंडिगो**
नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन फिर से सामान्य हो रहा है। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया है कि इंडिगो की कुछ उड़ानें प्रभावित रहेंगी। प्राधिकरण ने लोगों को नवीनतम उड़ान स्थिति के लिए आधिकारिक वेबसाइट www. newdelhi airport. in देखने की सलाह दी गई है। नागर विमानन मंत्रालय यात्रियों को किसी भी प्रकार के ज्यादा किराये से बचाने के लिए सभी प्रभावित मार्गों पर उचित और सही किराया सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। कुछ एयरलाइनों द्वारा बहुत अधिक हवाई किराए वसूले जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को निर्देश जारी कर अब निर्धारित किराया सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया है।

**सीएम संवाद**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज बागेश्वर के बैजनाथ में विभिन्न संगठनों और एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेज गति से कार्य कर रही है। समेकित विकास की परिकल्पना के अनुरूप सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाने और सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को आगामी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यटक आवास में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

**सर्वोच्च न्यायालय**

सर्वोच्च न्यायालय ने आश्वासन दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के इस्तेमाल के मामले में न्यायाधीश अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी तकनीक कभी भी न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ न्यायिक प्रणाली में एआई और मशीन लर्निंग के नियमन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

**शिक्षकों का प्रशिक्षण**

देश के युवा कर्णधारों का भविष्य संवारने वाले हाथों को और अधिक परिपक्व करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उधमसिंह नगर जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण कार्यशाला में 30 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शिक्षकों को शिक्षा को अधिक सरल, प्रभावी और व्यवहारिक बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए गए। शिक्षक महेश चंद्र जोशी ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चा जिस भी अध्याय को पढ़े, उसे वह अच्छी तरह समझ सके और याद रख सके।

**"परीक्षा पे चर्चा"**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे इंटरैक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा" के नौवें संस्करण से पहले माईगॉव पोर्टल पर एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता चल रही है। यह ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न–आधारित प्रतियोगिता अगले साल 11 जनवरी तक चलेगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इसमें भाग ले सकते हैं। इस गतिविधि को पूरा करने वाले सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को माईगॉव पोर्टल की ओर से भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। "परीक्षा पे चर्चा" जनवरी 2026 में आयोजित होनी है।

**कुम्भ मेला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में प्रदेश की देवडोलियों, लोक देवताओं के प्रतीकों तथा चल विग्रहों के स्नान और शोभायात्रा की भव्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी। आज देहरादून में कुंभ मेले को सांस्कृतिक विरासत का महापर्व बताते हुए श्री धामी ने कहा कि देवडोलियों के दिव्य स्नान से देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को देवभूमि की समृद्ध लोक परंपरा के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**महापरिनिर्वाण दिवस**

राष्ट्र, आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आम्बेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के अद्वितीय योगदान को उजागर करने के लिए आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने जीवन पर्यंत शिक्षा, समानता और स्वाभिमान की अलख जगाई। उन्हीं के मार्ग का अनुसरण करते हुए उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता लागू कर, सामाजिक समरसता और न्याय के सपने को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

**स्वच्छता अभियान**

शीतकालीन यात्रा के दृष्टिगत तथा स्वच्छ ग्राम, स्वच्छ निकाय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तरकाशी जिले में आज व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यमुनोत्री और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा प्रमुख यात्रा पड़ावों, बाजारों, कस्बों और अन्य सड़कों के दोनों किनारों पर फैले अनियंत्रित प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने मांडों गांव, तिलोथ और मानपुर गांव पहुंचकर अभियान में प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान जिले में 580 से अधिक बोरे कूड़ा एकत्रित किए गए, जिनका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

## विश्व दिव्यांग सप्ताह

विश्व दिव्यांग सप्ताह के अवसर पर देहरादून में दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए ''वॉक फॉर डिस्एबिलिटी'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 300 बौद्धिक दिव्यांगजन, बच्चे शामिल हुए। जिलाधिकारी सविन बसंल ने कहा कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, तथा उनके लिए सुलभ वातावरण तैयार करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## क्रिकेट

विशाखपट्टणम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच जारी है। पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 48 ओवर में ऑलआउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने जीत के लिए कुल 270 रनों का लक्ष्य रखा है। ताज़ा समाचार मिलने तक भारत ने 8 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए 39 रन बना लिए। तीन मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें 1–1 से बराबरी पर हैं।

## खेलो इंडिया

राजस्थान के भरतपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ की बॉक्सर निकिता चंद ने स्वर्ण पदक तथा कोमल मेहता ने रजत पदक जीता। 1 से 5 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में शोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहीं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर निकिता चंद ने 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पुणे यूनिवर्सिटी की वैष्णवी को 3–2 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।